# पेटीएम का मूवी, टिकट व्यवसाय खरीदेगी जोमैटो!

शिवानी शिंदे और आर्यमन गुप्ता
नई दिल्ली, 16 जून

**फिनटेक** कंपनी पेटीएम अपना मूवी एवं इवेंट टिकटिंग व्यवसाय बेचने के लिए जोमैटो के साथ बातचीत कर रही है। यह बातचीत ऐसे समय में की जा रही है जब पेटीएम अपने भुगतान और वित्तीय सेवा कारोबार पर ध्यान केंद्रित कर रही है। सूत्रों के अनुसार यह सौदा 1,600 करोड़ रुपये से 2,000 करोड़ रुपये के दायरे में होगा।

पेटीएम इस समय अपने मूवीज व्यवसाय और इनसाइडर वर्टिकल का एक टीम में विलय कर रही है। इस बारे में फिलहाल पेटीएम और जोमैटो से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। नियामक को हाल में भेजी सूचना में जोमैटो ने कहा था कि वह अपने एंटरटेनमेंट व्यवसाय पर 100 करोड़ रुपये निवेश करेगी जो लाइव इवेंट और टिकटिंग से जुड़ा हुआ है।

विजय शेखर शर्मा के नेतृत्व वाली फर्म पेमेंट पर अपना ध्यान बढ़ाकर वित्तीय सेवाओं के लिए 'डिस्ट्रीब्यूशन-फर्स्ट' दृष्टिकोण अपनाकर अपना खोया आधार फिर हासिल करने की कोशिश कर रही है। इस तरह से कंपनी अपने बड़े व्यवसायों पर ध्यान केंद्रित कर रही है जो बढ़ सकते हैं और लाभकारी बन सकते हैं।

इस सौदे के बाद कंपनी के पास अब कोई 'नॉन-कोर' यानी कम जरूरी व्यवसाय नहीं रह जाएगा। पेटीएम ने कहा है कि वह कम जरूरी परिचालन से दूरी बनाएगी और अपना कर्मचारी खर्च घटाने पर जोर देगी। कर्मचारी खर्च में कटौती से कंपनी को हर साल 400-500 कोड़ रुपये की बचत होने का अनुमान है।

हालांकि पेटीएम ने अपने मूवी और इवेंट टिकटिंग व्यवसाय के आंकड़ों का स्वतंत्र रूप से खुलासा नहीं किया है, लेकिन उसने अपने विपणन सेवा खंड के लिए मार्च 2024 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में लगभग 20.8 करोड़ डॉलर की सालाना बिक्री दर्ज की है।

# 2030 तक 2 लाख करोड़ रुपये लगाएंगे वाहन दिग्गज

सोहिनी दास
मुंबई, 16 जून

देश के अग्रणी यात्री वाहन निर्माताओं की नजर वॉल्यूम और भविष्य की तकनीक में निवेश पर है, ऐसे में उन्होंने अगले कुछ साल में 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश का खाका तैयार किया है।

वाहन दिग्गजों मसलन टाटा मोटर्स, महिंद्रा ऐंड महिंद्रा, मारुति सुजूकी इंडिया, ह्युंडै मोटर इंडिया, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया, निसान मोटर कॉरपोरेशन और रेनो एसए ने उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी, वाहनों के विकास पर बड़े निवेश के अलावा और स्वच्छ व पर्यावरण अनुकूल तकनीक को लेकर प्रतिबद्धता जताई है।

पिछले हफ्ते इलेक्ट्रिक वाहन में भारत की अग्रणी टाटा मोटर्स ने कहा था कि वह वित्त वर्ष 2030 तक अपनी ईवी इकाई में 16 से 18,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत खर्च की योजना बना रही है। इलेक्ट्रिक वाहन के चार मॉडलों की बिक्री करने वाली कंपनी का इरादा मार्च 2026 तक छह और मॉडल उतारने का है।

निवेश की घोषणा ऐसे समय पर हो रही है जब वाहन दिग्गज वित्त वर्ष 30 तक यात्री वाहन बाजार में 20 फीसदी हिस्सेदारी का लक्ष्य लेकर चल रही है और उसे उम्मीद है कि इलेक्ट्रिक वाहन उस समय तक अपने पोर्टफोलियो में 30 फीसदी का योगदान करेगा।

पिछले तीन साल में टाटा मोटर्स के लिए बिक्री दमदार रही है और यह वित्त वर्ष 22 के 3.72 लाख के मुकाबले वित्त वर्ष 23 में 5.41 लाख और वित्त वर्ष 24 में 5.73 लाख वाहन पर पहुंच गई।



■ तेजी से उभरते देसी यात्री वाहन बाजार में कंपनियां बाजार हिस्सेदारी के लिए संघर्ष कर रही हैं, ऐसे में ज्यादातर कंपनियां उत्पादन क्षमता बढ़ाने में कर रही निवेश

■ इलेक्ट्रिक वाहन उतारने पर ध्यान दिए जाने से नियोजित निवेश का बड़ा हिस्सा यहीं निवेश होगा

चूंकि देसी यात्री वाहन बाजार में बाजार हिस्सेदारी को लेकर संघर्ष केंद्र में आ गया है, लिहाजा ज्यादातर कंपनियां ज्यादा उत्पादन क्षमता तैयार करने की कोशिश कर रही हैं। भारतीय यात्री वाहन बाजार वित्त वर्ष 30 तक 60 लाख वाहन पर पहुंचने की संभावना है, जो वित्त वर्ष 24 में 43 लाख रहा है।

कोरियाई वाहन दिग्गज ह्युंडै मोटर (जो भारत में आईपीओ लाने की तैयारी में है) ने अगले 10 साल में 32,000 करोड़ रुपये के निवेश का खाका खींचा है। ह्युंडै मोटर 6,000 करोड़ रुपये का निवेश हाल में अधिग्रहीत तलेगांव स्थित जनरल मोटर्स के प्लांट में करेगी। साथ ही वह तमिलनाडु में उत्पादन क्षमता बढ़ाने, कलपुर्जे, इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण, चार्जिंग स्टेशन और स्किल डेवलपमेंट पर अगले 10 साल में 26,000 करोड़ रुपये निवेश करेगी।

कंपनी ने वित्त वर्ष 24 में भारत में करीब 6.14 लाख वाहन बेचे और भारत में सालाना आधार पर 8.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज़ की। देसी बाजार में 14.6 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाली कोरियाई कंपनी का स्थान भारत में मारुति के बाद दूसरा है, जिसके पास 41.7 फीसदी हिस्सेदारी है। सायम के आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

मारुति ने साल 2023 में ऐलान किया था कि वह पहली ईवी एसयूवी 2023-24 में उतारेगी। हालांकि अब इसे उतारने की तारीख 2024-25 हो गई है। कुल मिलाकर मारुति का इरादा 2029-30 तक भारत में छह ईवी उतारने का है।

मारुति सुजूकी दशक के मध्य तक 50 फीसदी बाजार हिस्सेदारी दोबारा पाने की कोशिश कर रही है, ऐसे में उसने क्षमता निर्माण और नए मॉडलों के विकास आदि पर 2024-25 में 10,000 करोड़ रुपये के निवेश का ऐलान किया है। इस निवेश का बड़ा हिस्सा खरखोदा (हरियाणा) के पहले प्रोडक्शन लाइन के तैयार करने पर होगा, जो 2025 में चालू होने की संभावना है। कंपनी अभी हर साल 23.5 लाख वाहनों का उत्पादन करती है।

मारुति ने 2030-31 तक उत्पादन क्षमता 40 लाख वाहन सालाना करने और अपने वाहनों का रेंज 28 मॉडलों तक करने के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपये के निवेश का खाका खींचा है।

मारुति ने कहा है कि उसे उम्मीद है कि साल 2030-31 तक उसकी तरफ से बेचे जाने वाले वाहनों में ईवी का हिस्सा 15-20 फीसदी होगा। 25 फीसदी हाइब्रिड और बाकी एथेनॉल, सीएनजी व संभावित कंप्रेस्ड बायोगैस वाले होंगे।

इसी तरह महिंद्रा ऐंड महिंद्रा के निदेशक मंडल ने पिछले महीने ईवी इकाई में 12,000 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी है, जो अगले तीन साल के लिए होगा। कंपनी फर्स्ट सेट ऑफ बॉर्न ईवी को कैलेंडर वर्ष 2025 की पहली तिमाही में उतारेगी। 2027 तक एमऐंडएम की कुल बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी करीब 20-30 फीसदी होगी। मार्च में चीन की वाहन दिग्गज एसएआईसी मोटर (जिसके पास एमजी मोटर इंडिया का स्वामित्व है) और जेएसडब्ल्यू समूह ने संयुक्त उद्यम जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का गठन किया है। इस साझेदारी में जेएसडब्ल्यू के पास 35 फीसदी हिस्सेदारी है। संयुक्त उद्यम न्यू एनर्जी व्हीकल व आईसीई वाहन विकसित करने पर करीब 5,000 करोड़ रुपये निवेश करेगी, जो भारत व निर्यात बाजार के लिए होगा।

# तिपहिया निर्यात में सुस्ती जारी रहने के आसार

अंजलि सिंह
मुंबई, 16 जून

**पिछले** कुछ वर्षों में सुस्ती से गुजर रहे भारतीय तिपहिया निर्यात में वित्त वर्ष 2025 में भी सुधार के संकेत नहीं दिख रहे हैं। श्रीलंका, बांग्लादेश, नाईजीरिया, मिस्र जैसे कई प्रमुख बाजारों में भूराजनीतिक और आर्थिक कारकों ने इन क्षेत्रों में सुस्त मांग को बढ़ावा दिया है।

वित्त वर्ष 2025 के पहले दो महीनों में भी गिरावट देखी गई। जहां अप्रैल में निर्यात एक साल पहले के मुकाबले 2.7 प्रतिशत घटा, वही मई में इसमें 11.3 प्रतिशत तक की कमी आई। वित्त वर्ष 2025 में, पियाजियो और टीवीएस मोटर जैसी कंपनियों ने निर्यात में 16 प्रतिशत और 19.9 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की। यही वजह है कि कुल तिपहिया निर्यात घटा है। सायम के आंकड़े के अनुसार, वित्त वर्ष 2023 में निर्यात 26 प्रतिशत और उसके बाद वित्त वर्ष 2024 में 17 प्रतिशत तक घटा।

निर्यात में गिरावट मुख्य तौर पर श्रीलंका, बांग्लादेश, नाईजीरिया और मिस्र जैसे प्रमुख बाजारों में भूराजनीतिक एवं आर्थिक अस्थिरता की वजह से आई है। प्राइमस पार्टनर्स में प्रबंध निदेशक अनुराग सिंह का मानना है कि इन देशों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है जिससे तिपहिया के लिए उनकी मांग पर प्रभाव पड़ा है। सिंह का मानना है, 'श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को दबाव से जूझना पड़ रहा है, वहीं नाईजीरिया को ऊंची मुद्रास्फीति और राजनीतिक जोखिम तथा बांग्लादेश को बढ़ती राजनीतिक अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। इन कारकों ने तिपहिया निर्यात के लिए चुनौतीपूर्ण परिवेश को बढ़ावा दिया है।'

### तिपहिया निर्यात

| | |
|---|---|
| वित्त वर्ष 20 | -11.60% |
| वित्त वर्ष 21 | -21.70% |
| वित्त वर्ष 22 | 27.20% |
| वित्त वर्ष 23 | -26.80% |
| वित्त वर्ष 24 | -17% |
| वित्त वर्ष 25* | 7.90% |

स्रोत : सायम के आंकड़े
*अप्रैल से मई तक

**निर्यात में गिरावट मुख्य रूप से श्रीलंका, बांग्लादेश, नाइजीरिया और मिस्र जैसे प्रमुख बाजारों में भूराजनीतिक एवं आर्थिक अस्थिरता की वजह से आई है**

आशिका ग्रुप में विश्लेषक संकेत केलास्कर ने कहा कि ऊंची मुद्रास्फीति, मौद्रिक अवमूल्यन, प्रमुख अमेरिकी बाजारों में आयात प्रतिबंध और कुछ क्षेत्रों में क्वाड्रिसाइकिल की ओर बढ़ते रुझान भारत से निर्यात में गिरावट के लिए जिम्मेदार हैं। उदाहरण के लिए, मिस्र और सोमालिया जैसे देशों ने भीड़भाड़ और सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण तिपहिया आयात प्रतिबंधित किया है। इन चिंताओं के अलावा, कुछ अफ्रीकी देश आवश्यक वस्तुओं के आयात को प्राथमिकता दे रहे हैं और वाहन आयात प्रतिबंधित कर रहे हैं। मिस्र और सोमालिया ने सुरक्षा चिंताओं और भीड़-भाड़ से बचने के लिए तिपहिया आयात पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया।

# ओला अपने वाहनों में 4680 बैटरी सेल आजमाने को तैयार

पृष्ठ 1 का शेष

**ओला** को हर महीने करीब 1 लाख ईवी की बिक्री के साथ करीब 40 लाख सेल की जरूरत होगी। कंपनी को 20 गीगावॉट प्रति घंटा क्षमता का कारखाना लगाने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत मंजूरी मिल चुकी है। हाल में उसे अपने 5,500 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए सेबी से हरी झंडी मिल मिली है।

कंपनी अब औपचारिक मंजूरी का इंतजार कर रही है। ओला के प्रवक्ता ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। भारत अब इस बैटरी सेल प्रौद्योगिकी वाले चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो जाएगा, जिसमें चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और अमेरिका पहले से ही शामिल हैं। एलजी एनर्जी सॉल्यूशन ने टेस्ला के लिए इन बैटरियों का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू कर दिया है। उसने उत्पादन बढ़ाने के लिए अरबों डॉलर की निवेश योजना तैयार की है। इस बाजार की अन्य कंपनियों में सैमसंग एसडीआई कंपनी और एसके ऑन कंपनी शामिल हैं जो 4680 बैटरी बनाने पर काम कर रही हैं। पैनासोनिक भी इस बैटरी को इसी साल बाजार में उतारने के लिए काम कर रही है। बैटरी बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी कंटेम्परारी एम्परेक्स टेक्नोलॉजी कंपनी (सीएटीएल) के जरिये मार्च 2023 में 4680 बैटरी का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू कर दिया था।

# हल्दीराम ब्रांड पर स्पष्टता चाह रहे बोलीदाता

देव चटर्जी और शार्लीन डिसूजा
मुंबई, 16 जून

**हल्दीराम** स्नैक्स फूड्स के संभावित बोलीदाताओं ने ब्रांड के स्वामित्व को लेकर स्पष्टता की मांग की है क्योंकि इस पर इस समय कई पारिवारिक गुटों का स्वामित्व है। जहां दिल्ली और नागपुर स्थित परिवारों ने अपने परिचालन का विलय करने का फैसला किया है। उन्होंने एक संयुक्त उपक्रम भी बना ली है। अब वे अपनी कुछ हिस्सेदारी बेचना चाह रहे हैं। लेकिन कोलकाता स्थित परिवार अपना अलग और स्वतंत्र रूप से परिचालन संभालता है।

बैंकरों का कहना है कि कंपनी के संभावित बोलीदाता भविष्य में ब्रांड को लेकर किसी तरह की अनिश्चितता नहीं चाहते हैं और उन्होंने इसके इस्तेमाल को लेकर स्पष्टता मांगी है। एक बैंकर ने पहचान न बताने के अनुरोध के साथ कहा, 'इस मसले पर अभी बातचीत चल रही है कि विवाद कैसे सुलझाया जाए।' शुक्रवार को इस संबंध में हल्दीराम परिवारों को भेजे गए ईमेल का अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है।

पिछले साल नई दिल्ली और नागपुर से हल्दीराम के दो पारिवारिक धड़ों ने अपने परिचालन का विलय करने का निर्णय लिया था। कोलकाता का तीसरा परिवार अब विलय हो चुकी नई इकाई में शामिल नहीं है। कोलकाता के परिवार को अन्य दो पारिवारिक समूहों की तरह ही हल्दीराम ब्रांड का इस्तेमाल करने का अधिकार है।

सितारा सेवा की पहल

**सेवा गृह ऋण लिमिटेड**

**कॉर्पोरेट कार्यालय पता :** बिल्डिंग नं. 8, टावर सी, आठवी मंजिल, डीएलएफ सायबर सिटी, गुरुग्राम 122002

**नियम 8(1) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति हेतु)**

जबकि, अधो-हस्ताक्षरकर्ता ने **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 का सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रवर्तन करके मांग नोटिस जारी कर, ऋणी/सह-ऋणी/जमानतदार से सूचना प्राप्ति दिनांक से 60 दिन के अन्दर ऋण राशि अदा करने की अपेक्षा की गई थी। ऋणी/सह-ऋणी/जमानतदार के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/सह-ऋणी/जमानतदार एवं सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य ग्रहण कर लिया है।

विशेष रुप से ऋणी और सामान्य रुप से जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी व्यवहार **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** के प्रभार के अधीन होगा, जिसमें नीचे दी गई बकाया राशि के साथ-साथ ब्याज और आकस्मिक व्यय, लागतें शामिल हैं। ऋणी का ध्यान प्रतिभूति आस्तिया के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ मे अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्रं. | ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता/ जमानतदार का नाम | बकाया राशि (रु.) | सुचना दिनांक / आधिपत्य दिनांक | बंधक अचल संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (1) श्रीमति सविता पति श्री बन्टी (2) श्री बन्टी पिता श्री केलाहीराम (3) श्री नरेश पिता श्री रामचरण | ₹ 2,53,124/- (रुपये दो लाख तिरेपन हजार एक सौ चौबीस मात्र) दिनांक 01.12.2023 तक | 22.12.2023 / 11.06.2024 | प्लॉट नं.28 का भाग, सर्वे नं 40, वार्ड नं.44, ग्राम डोमपुरा, मौज डोमपुरा तहसील व जिला मुरैना, मध्य प्रदेश में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 460 वर्गफीट है। **चर्तुसीमा निम्नानुसार है :** पूर्व - प्लॉट नं 51, पश्चिम - रोड, उत्तर-मलखान की संपत्ति, दक्षिण - श्री नारायण का प्लॉट, |
| 2. | (1) श्रीमति प्रीती गुर्जर पति श्री हरेन्द्र गुर्जर (2) श्री हरेन्द्र (सिंह) गुर्जर पिता श्री पुत्तू सिंह (3) श्री राजवीर सिंह पिता श्री सरनाम सिंह | ₹ 2,77,269/- (रुपये दो लाख सितोत्तर हजार दो सौ उनसत्तर मात्र) दि. 31.05.2023 तक | 29.11.2023 / 11.06.2024 | सर्वे क्रमांक 452 मिन 1 का अंश भाग, पटवारी हल्का नं 54, वार्ड क्रमांक 1, कृष्ण नगर, मौजा पमाया, बानमोर, मुरैना, मध्य प्रदेश-476444 में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 1200 वर्गफीट है। **चर्तुसीमा निम्नानुसार है :** पूर्व- भूखण्ड कमला, पश्चिम - भूखण्ड प्रतापसिंघ व विजय सिंह बगैरा का, उत्तर- आम रास्ता, दक्षिण -खेत जगदीश का |
| 3. | (1) श्रीमति रेखा बाई पति श्री ग्यारसी लाल (2) श्री ग्यारसी लाल पिता श्री बाबूलाल (3) श्री सन्नी केथवास पिता श्री ग्यारसी लाल (4) श्री नितिन सिंह भदोरिया पिता श्री शंकर सिंह | ₹ 2,29,714.47/- (रु. दो लाख उन्तीस हजार सात सौ चौदह रुपये एवं सैंतालीस पैसा मात्र)दि. 30.09.2022 तक | 19.11.2022 / 12.06.2024 | मकान नं 16, वार्ड नं 24, भागिरथपुरा, इंदौर, मध्य प्रदेश-452003 में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 660 वर्गफीट है। **चर्तुसीमा निम्नानुसार है :** पूर्व - रामलाल का मकान, पश्चिम - अयोध्या का मकान, उत्तर - रास्ता, दक्षिण - गली |

स्थान : मध्यप्रदेश
दिनांक : 17.06.2024

भवदिय – प्राधिकृत अधिकारी
सेवा गृह ऋण लिमिटेड

SBFC **एसबीएफसी फाईनेंस लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नं. 103, प्रथम तल, सीएंडबी स्क्वेयर, संगम कॉम्पलैक्स, सीटीएस नं. 95ए, 127, अंधेरी–कुर्ला रोड, गाँव चकला, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई–400059 । टेलीफोनः +912267875300 । फैक्सः +91 2267875334 । www.sbfc.com । कॉर्पोरेट पहचान संख्याः U67190MH2008PTC178270

**मांग नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **एसबीएफसी फाईनेंस लिमिटेड** द्वारा गिरवी स्वर्ण आभूषणों की नीलामी निम्नलिखित शाखा पतों पर दिनांक **25.06.2024 को समय सुबह 10:30** को की जायेगी। नीलामी किए जाने वाले स्वर्ण आभूषण बकाया देयों का भुगतान करने में असफल रहने वाले हमारे विभिन्न ग्राहकों के हैं। नीलामी के हमारे नोटिस उन ग्राहकों को विधिवत् जारी किए गए हैं। शाखा विवरण के साथ नीचे उल्लिखित हमारे विभिन्न ग्राहकों के अतिदेय ऋण खातों के हैं।

**अन्नपूर्णा रोड इंदौर शाखा पताः एसबीएफसी फाईनेंस लि., भूतल, 22, प्रभु नगर, अन्नपूर्णा मेन रोड, निकट राजेन्द्र नगर ब्रिज, निकट टी.वी.एस. मध्य प्रदेश–45200,** AP00494059, AP00494297, AP00558940, AP00576050, AP00586990, AP00604866, AP00612600

**देवास शाखा पताः एसबीएफसी फाईनेंस लि., दूसरा तल, 8 तरानी रोड, निकट हॉटेल अभिलाषा, एबी रोड, देवास, मध्य प्रदेश, भारत,** AP00279606, AP00333011, AP00457739, AP00478642, AP00493556, AP00547990, AP00568678, AP00576053, AP00577311, AP00586571, AP00586581, AP00587711, AP00589027,

**धार शाखा पताः एसबीएफसी फाईनेंस लि., मगजपुरा रोड, ए–1 और ए–2, सेंट टेरेसा कैंपस, इंदौर– धार रोड, धार, मध्य प्रदेश – 454001,** AP00330164, AP00339772, AP00362756, AP00363311, AP00365615, AP00369924, AP00376681, AP00386590, AP00393027, AP00441344, AP00459526, AP00466367, AP00469104, AP00470256, AP00478517, AP00502377, AP00504297, AP00504744, AP00505834, AP00511265, AP00539616, AP00539620, AP00540820, AP00540848, AP00546410, AP00547763, AP00558210, AP00567049, AP00568311, AP00577493, AP00578201, AP00578795, AP00587469, AP00613243, AP00613324, AP00613952, AP00614859

**हरदा शाखा पताः एसबीएफसी फाईनेंस लि., भूतल, प्लॉट नं. सी–33 और सी–34, प्रकाश टॉवर निकट बैंक ऑफ बड़ौदा नेहरू कॉलोनी हरदा, एम.पी – 461331,** AP00345468, AP00399147, AP00406009, AP00431515, AP00447894, AP00449723, AP00456687, AP00466163, AP00493828, AP00495581, AP00495802, AP00503682, AP00511547, AP00529490, AP00559020, AP00560235, AP00579201, AP00587627, AP00595445, AP00596351, AP00597201, AP00605077, AP00605307, AP00605958, AP00606048, AP00609113, AP00612718, AP00615303

**खंडवा शाखा पताः एसबीएफसी फाईनेंस लि., प्रथम तल, सैमसंग शॉप के ऊपर, बोहरा मस्जिद के सामने, नगर निगम के आगे, खंडवा– 450001,** AP00329795, AP00334552, AP00352615, AP00386342, AP00405946, AP00420783, AP00424057, AP00438432, AP00471654, AP00519562, AP00519678, AP00527990, AP00528507, AP00528772, AP00531581, AP00547857, AP00548275, AP00555997, AP00556783, AP00557545, AP00557740, AP00557830, AP00568053, AP00571924, AP00613230, AP00614550

**महारानी रोड इंदौर शाखा पताः एसबीएफसी फाईनेंस लि., 208, प्रेम ट्रेड सेन्टर, म. कम्पाउंड के सामने, महारानी रोड इंदौर, मध्य प्रदेश – 452007,** AP00301946, AP00399943, AP00406224, AP00443554, AP00527184, AP00549180, AP00555948

**नीमच शाखा पताः एसबीएफसी फाईनेंस लि., प्रथम तल, माधव विला, बंगलो नं. 7, एल.आई.सी. रोड, निकट टीचर्स कॉलोनी, आ. ईडीबीआइ बैंक के ऊपर, नीमच––458441,** AP00335143, AP00437773, AP00519055, AP00528740, AP00536091, AP00546023, AP00546732, AP00558709, AP00583996, AP00604714, AP00604726, AP00606020

**रतलाम शाखा पताः एसबीएफसी फाईनेंस लि., मकान नं. 142, प्रथम तल, एआईकेआई स्थित न्यू मोहल्ला रोड, निकट गुजराती स्कूल, रतलाम, एमपी– 457001,** AP00378840, AP00405945, AP00406375, AP00433138, AP00456143, AP00494075, AP00548577, AP00577472, AP00584607, AP00584813, AP00587982, AP00608343, AP00613416

**टीटी नगर शाखा पताः एसबीएफसी फाईनेंस लि., प्लॉट नं. 36, प्रथम तल, आंध्रा बैंक के ऊपर, भदभादा रोड, टी.टी. नगर, न्यू मार्केट, भोपाल, मध्य प्रदेश – 462003,** AP00206184, AP00341618, AP00345848, AP00376714, AP00400793, AP00408257, AP00467092, AP00480894, AP00484576, AP00491387, AP00495100, AP00501804, AP00521102, AP00528269, AP00531399, AP00545840, AP00559337, AP00567735, AP00588009, AP00589081, AP00598730, AP00604478, AP00613435, AP00614332, AP00615145

**उज्जैन शाखा पताः एसबीएफसी फाईनेंस लि., प्रथम तल, 37 बेताल मार्ग, केनरा बैंक के सामने, फ्रीगंज, उज्जैन, मध्य प्रदेश, भारत,** AP00363636, AP00456824, AP00482894, AP00493107, AP00502980, AP00547366, AP00595134, AP00606145

**विजय नगर– इंदौरः एसबीएफसी फाईनेंस लि., 124, शगुन टॉवर, प्रथम तल, अपना स्वीट्स के ऊपर, विजय नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश – 452001 ,** AP00036340, AP00311536, AP00550970, AP00567092, AP00567387

विस्तृत विवरण के लिए कृपया एसबीएफसी फाईनेंस लिमिटेड, संपर्क नंबरः 18001028012 को संपर्क करें (एसबीएफसी फाईनेंस लिमिटेड के पास बिना किसी पूर्व नोटिस के नीलामी किए जाने वाले खातों की संख्या में परिवर्तन करने और नीलामी को स्थगित/निरस्त करने के अधिकार सुरक्षित हैं।

**शिवालिक स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : 501, सेल्कन औरम, जसोला डिस्ट्रिक्ट सेंटर, नई दिल्ली–110025
सीआईएन : U65900DL2020PLC366027

**नीलामी सूचना**

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित कर्जदारों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा जारी किए गए व्यक्तिगत नोटिसों सहित विभिन्न मांगों और नोटिसों के बावजूद उनके द्वारा बैंक से लिए गए गोल्ड लोन को समायोजित नहीं किया गया है। सभी कर्जदारों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक के पास प्रतिभूति के रूप में रखे सोने के आभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार 27.06.2024 **को दोपहर** 03:00 **बजे** उस शाखा परिसर में नीलामी की तिथि निर्धारित की गई है जहाँ से ऋण लिया गया था। नीलामी के नियमों और शर्तों के अनुसार इस नीलामी में कर्जदारों, खाताधारकों और बड़े पैमाने पर जनता सहित सभी भाग ले सकते हैं।

| शाखा | खाता सं. | खाता धारक का नाम | पिता/पति-पत्नी का नाम | पता | खाता खुलने की तिथि | पेऑफ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इंदौर | 101042519830 | रितिक त्रिवेदी | पुत्र रमेश त्रिवेदी | 151 ए, राज नगर, इंदौर मध्य प्रदेश 452002 | 13/02/2024 | 66,803.80 |
| इंदौर | 101042519835 | हेमलता सोनी | पुत्र अशोक सोनी | 7 3 नेहरू नगर इंदौर मध्य प्रदेश 452007 | 14/02/2024 | 166,706.00 |
| इंदौर | 101042519814 | रिमझिम चतुवेर्दी | पुत्री हरिश्चंद्र चतुर्वेदी | श्री जी वेलिया-7 101 बिचोली मरदाना इंदौर मध्य प्रदेश 452016 | 10/02/2024 | 190,117.92 |
| इंदौर | 101042519756 | हर्ष तिवारी | पुत्र राजेंद्र तिवारी | 9 8 न्यू पलासिया इंदौर मध्य प्रदेश 452001 | 01/02/2024 | 206,333.40 |
| इंदौर | 101042519759 | देवेंद्र पवार | पुत्र नाना पवार | 40 सुंदर नगर मेन के पास हीरा नगर थाने सुखलिया इंदौर मध्य प्रदेश 452010 | 02/02/2024 | 77,406.51 |
| इंदौर | 101042519785 | आशुतोष भटकुटे | पुत्र चंद्रशेखर भटकुटे | 98 सुखलिया इंदौर लिटिल वंडर स्कूल इंदौर मध्य प्रदेश 452010 | 06/02/2024 | 212,768.85 |
| इंदौर | 101042519819 | राहुल चौहान | वाया राजकुमार चौहान | राज कुमार 12-ए साईं श्रद्धा पैलेस के पास एसए, श्रद्धा पैलेस इंदौर मध्य प्रदेश 452010 | 10/02/2024 | 211,242.13 |
| इंदौर | 101042519825 | सोहेल खान | पुत्र यूसुफ खान | 51 इंदौर इंदौर मध्य प्रदेश 452002 | 12/02/2024 | 140,659.88 |
| इंदौर | 101042519836 | मयंक यादव | पुत्र सुभाष यादव | 775 9 नेहरू नगर इंदौर मध्य प्रदेश 452001 | 14/02/2024 | 58,850.00 |
| इंदौर | 101042519844 | चेतन सोनी | वाया सुजीत कुमार | 7 3 नेहरू नगर इंदौर मध्य प्रदेश 452007 | 15/02/2024 | 207,468.69 |
| इंदौर | 101042519673 | आशीष खराट | पुत्र राजेंद्र | 146 क्लर्क कॉलोनी इंदौर मध्य प्रदेश 452010 | 10/01/2024 | 211,375.90 |
| इंदौर | 101042519717 | आशीष खराट | पुत्र राजेंद्र | 146 क्लर्क कॉलोनी इंदौर मध्य प्रदेश 452010 | 23/01/2024 | 81,196.72 |

नीलामी की तिथि 27.06.2024 को 03:00 बजे अप. है

**बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।**

**प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

GRIHUM HOUSING FINANCE Apna Ghar, Apni Pehchan.

**गृहम हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
(पूर्ववर्ती पूनावाला हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड)
पंजीकृत कार्यालयः 602, 6वाँ तल, जीरो वन आईटी पार्क, क्र.सं. 79/1, घोड़पड़ी, मुंधवा रोड, पुणे–411036

परिशिष्ट IV (देखें नियम 8(1))
**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

जबकि, **गृहम हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्ववर्ती पूनावाला हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड जैसा कि पूनावाला हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड का नाम 17 नवंबर, 2023 से गृहम हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड परिवर्तित हो गया (पूर्ववर्ती मैगमा हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड और मूल रूप से जीई मनी हाऊसिंग फाइनेंस पब्लिक अनलिमिटेड कंपनी के नाम में निगमित)** यहाँ आगे उपर्युक्त कारपोरेट/पंजीकृत कार्यालय का प्रत्याभूत ऋणदाता कहा गया है, के अधोहस्ताक्षरी प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (यहाँ आगे "उक्त अधिनियम" कहा गया है) के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर अधोल्लिखित तारीख को मांग सूचना जारी की थी जिसमें कर्जदारों से उक्त सूचना में उल्लिखित राशि को उक्त सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के अन्दर अदा करने के लिए कहा गया।

कर्जदारों द्वारा राशि अदा करने में असफल रहने पर कर्जदारों और सर्व सामान्य को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर नीचे वर्णित संपत्ति का **12 जून, 2024** को कब्जा ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों और सर्व जन को सामान्य रूप में संपत्ति से कोई भी लेन–देन न करने के लिए आगाह किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन–देन राशि और इस पर ब्याज के लिए प्रत्याभूत ऋणदाता के प्रभार के अधीन होगा। प्रत्याभूत परिसंपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समयावधि में अधिनियम की धारा–13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों में कर्जदार का ध्यान आकृष्ट किया जाता है। कब्जे में ली गई संपत्ति का विवरण निम्नवत् है–

| क्र. सं. | कर्जदारों के नाम | संपत्ति का विवरण | कब्जा लेने की तारीख | सांविधिक मांग सूचना की तारीख | मांग सूचना में राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विजेन्द्र सिंह सैंधव, बेगम बाई सैंधव | पीएच नं. 32, खसरा नं. 412, डब्ल्यू नं. 01, गाँव बुदाशा, तहसील टोनखुर्द जिला देवास पीएच नं. 32, खसरा नं. 412, डब्ल्यू नं. 01, गाँव बुदाशा, तहसील टोनखुर्द जिला देवास, माप 980 वर्ग फुट माँ दुर्गा मंदिर, पिनकोड– 455115 के समस्त भाग व खंड। **सीमाएँः– पूर्वः** रोड, **पश्चिमः** श्री रविन्द्र का मकान, **उत्तरः** रूप सिंह का मकान, **दक्षिणः** रोड | 12.06.2024 | 07.02.2024 | **ऋण सं. HF/0472/H/21/100450** 07/02/2024 को देय रु. 6,25,619.02/– (रुपये छह लाख पच्चीस हजार छह सौ उन्नीस और दो पैसा मात्र) वसूली तक वार्षिक 17% की दर से ब्याज सहित |

स्थानः मध्य प्रदेश, दिनांकः 17.06.2024

हस्त./– प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड, (पूर्ववर्ती पूनावाला हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

**भोपाल संस्करण :** बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा दैनिक भास्कर, प्लॉट नं. 10 व 11, सेक्टर बी, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल, म. प्र. 462023 से मुद्रित एवं सी/ओ अशोक कुमार जैन, शॉप नं. 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल- 462001 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल\ आरएनआई नं. MPHIN/2008/24603 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्सबिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं